### प्रेम विवाह के चार माह बाद ही पत्नी की हत्या करने वाले का कबूलनामा

# मेरी पत्नी श्वेता बेवफा थी... इसलिए गला घोंट मार डाला

**दर्दनाक**

**02** दिन पहले पत्नी के खाते में आए रुपयों के बारे में पूछा था

**09** बजे रात में पत्नी को फोन कर कहा कि घर नहीं आएगा

- अचानक घर पहुंचने पर पत्नी को दो लड़कों के साथ देखकर भड़क गया
- विवाद के बाद दुपट्टे से कस दिया गला, कंबल में लपेटकर रख दिया शव



रूमा में महिला की हत्या के बाद मौके पर पहुंचकर डीसीपी पूर्वी ने की जांच।

**सरसौल, संवाददाता।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में स्थित रूमा की हाईटेक सिटी में पत्नी श्वेता सिंह की हत्या करने वाले पति सचिन सिंह भदौरिया ने हत्या की बात कबूल की है। उसने कहा कि उसकी पत्नी बेवफा निकली... इसलिए मार डाला। पुलिस के मुताबिक सचिन ने बताया कि उसे कुछ समय से पत्नी के चरित्र पर शक होने लगा था। इसी वजह से उसने शुक्रवार को पत्नी को फोन कर कहा कि वह रात में घर नहीं आएगा। पत्नी ने भी उससे कहा कि ठीक है, वह सो जाएगी। हालांकि सचिन शुक्रवार रात करीब 11 बजे अचानक कमरे में पहुंच गया तो पत्नी को दो लड़कों के साथ देखकर भड़क गया। इसी बात पर दोनों में विवाद भी हुआ और उसने दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी। फिर कंबल में लाश छिपाकर फरार हो गया।

थाने पहुंचा सचिन जब पूरा मामला बता रहा था तो उसका पुलिसकर्मियों ने वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि आपका अपना अखबार 'हिन्दुस्तान' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मूलरूप से फतेहपुर के गाजीपुर थाना के मोहनपुर गांव निवासी सचिन सिंह भदौरिया ने पुलिस को बताया कि वह अक्टूबर से रूमा में लाखन सिंह के मकान में किराये पर पत्नी के साथ रह रहा था। पिछले एक माह से उसे पत्नी के बातचीत और उसके रवैये से उस पर संदेह होने लगा था। इसी बीच उसने दो दिन पहले पत्नी के खाते में आई रकम के बारे में पूछा तो उसने बताया कि नानी से रुपये मंगाए हैं। इस पर उसने पत्नी से कहा कि जब परिवारवालों से संबंध खत्म हो गए तो रुपये क्यों मंगाए। इस पर दोनों का विवाद हुआ।

फिर उसने पत्नी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए साजिश रची। इसके बाद शुक्रवार रात करीब नौ बजे उसने पत्नी को फोन कर कहा कि वह घर नहीं आएगा। रात करीब 11 बजे वह अचानक घर पहुंच गया। कमरे में जाकर देखा तो दो छात्र पत्नी के साथ थे। तीसरा इधर-उधर घूम कर पहरेदारी कर रहा था। इस पर उसकी छात्रों से मारपीट भी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले गई। थाने से जब वह कमरे में पहुंचा तो पत्नी घर आकर विवाद करने लगी और छात्रों के साथ ही रहने की बात कहने लगी। सचिन के मुताबिक उसने जान से मारने की धमकी दी तो पत्नी ने ही उसके हाथ में दुपट्टा थमाकर जान से मार देने के कहा। इसके बाद उसने पत्नी का गला कस दिया। इस प्रकार उसने अपनी पत्नी को जान से मार डाला।

#### कमरा बंद कर घूमता रहा, फिर किया आत्मसमर्पण

पुलिस को आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद वह कमरा बंद करके रामादेवी चौराहा और घंटाघर में घूमता रहा। घंटाघर में करीब दो घंटे तक बैठकर सोचने के बाद उसने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। इसके बाद वह महाराजपुर थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया।

#### जिससे प्रेम विवाह किया, उसी ने दुष्कर्म में भिजवाया था जेल

थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ फतेहपुर के हुसैनगंज थाने में कार से मार्ग दुघर्टना में युवक की मौत पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में वह चार माह जेल में भी रहा था। फिर आरोपित पर गाजीपुर थाने में उसी युवती ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके साथ प्रेम विवाह किया था। दो माह बाद जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद कोर्ट मैरिज कर ली थी। अब यह दर्दनाक घटना हो गई।

## पूर्व पति ने विदेश में रह रही महिला के अश्लील वीडियो किए वायरल

**22** अप्रैल, 2022 को पति से तलाक हो चुका है

- महिला ने 15 अगस्त 2023 को की थी दूसरी शादी
- पुलिस कमिश्नर के आदेश पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज

**कानपुर, संवाददाता।** चकेरी की रहने वाली महिला के पूर्व पति ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो और पोस्ट वायरल कर दिए। इसमें अभद्र टिप्पणियां भी कीं। पिता की तहरीर पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला वर्तमान में अपने दूसरे पति के साथ विदेश में रह रही है।

चकेरी निवासी कारोबारी का आरोप है कि 22 अप्रैल 2022 को बेटी का सिविल लाइंस निवासी पति से तलाक हो गया था। उसका 15 अगस्त 2023 को पुनर्विवाह हुआ है। वह पति के साथ विदेश में रह रही है। कारोबारी ने आरोप लगाया कि बेटी का पूर्व पति फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर उसके खिलाफ अभद्र पोस्ट, वीडियो और अश्लील फोटो पोस्ट कर रहा है। उसमें तरह-तरह की अश्लील बातें लिखी हैं। पोस्ट व रील देखने के बाद परिवार दहशत में है और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर शनिवार को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी सतीश चंद्र यादव ने बताया कि महिला दूसरे विवाह के बाद विदेश में रह रही है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**शहर 30s**



#### चार खंभा चौराहा पर खिचड़ी वितरण

**कानपुर।** फजलगंज चार खंभा कुआं पर शनिवार को विशाल खिचड़ी भोज हुआ। विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी, उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, सत्यनारायण गुप्ता आदि रहे। दोपहर में शुरू हुआ खिचड़ी वितरण कार्यक्रम शाम तक चला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधा पांडेय, हनुमान पांडेय, अजय राय, कमलेश गुप्ता, अजय गुप्ता, सतीश, पन्नालाल सोनी, राजेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्कूल से लौट रहे कक्षा तीन के छात्र की हादसे में मौत

रफ्तार का कहर 1

**बिठूर, संवाददाता।** मंधना से साइकिल से घर लौट रहे कक्षा तीन के छात्र को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खेत में काम कर रहे किसान दौड़े तब तक चालक वाहन लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी तो घर में कोहराम मच गया।

मंधना के कुरसौली गांव निवासी सुधीर अवस्थी सिक्योरिटी गार्ड हैं। घर में पत्नी विभा व बड़ी बेटी नम्रता के साथ छोटा बेटा नमन अवस्थी रहता था। नौ वर्षीय नमन मकसूदाबाद के वेलफेयर स्कूल में कक्षा तीन का छात्र था। शनिवार शाम करीब चार बजे वह स्कूल से साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही नौरंगाबाद गांव क्रॉस कर गांव की तरफ बढ़ा, तभी एक गेस्ट हाउस के पास मंधना से टिकरा की तरफ जा रही डीसीएम ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर लगते ही नमन उछलकर दूर जा गिरा। गंभीर रूप से घायल होने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पास के खेतों पर काम कर रहे किसान हादसा देखकर दौड़े, लेकिन तब तक चालक भाग निकला। परिजनों के साथ मां घटनास्थल पर पहुंची बेटे का शव देख बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे संभाला। होश आते ही दहाड़े मारकर रोने लगी। मां का दर्द देख ग्रामीणों का कलेजा भी मुंह को आ गया। वहां मौजूद लोगों की आंखें भी भर आयीं। बिठूर इंस्पेक्टर प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि डीसीएम की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## टायर फटने से वैन पलटी, दस घायल

**सरसौल।** महाराजपुर में नगरा गांव के सामने शनिवार शाम बिंदकी से रामादेवी जा रही वैन टायर फटने से पलट गई। वैन सवार दस सवारियां घायल हो गईं।

फतेहपुर के बिंदकी से सवारियां लेकर वैन शनिवार शाम रामादेवी जा रही थी। सरसौल से पहले **2** नगरा गांव के सामने वैन का टायर अचानक फट गया और वो अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गई। वैन में बैठी सवारियां उसी में फंस गईं। चीख पुकार सुन मदद को लोग दौड़े और कार के शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला। वैन सवार लोगों में बिंदकी भैरमपुर की मीरा, उनकी पांच वर्षीय बेटी जान्हवी, भतीजी राधिका, अचल कुमार, कमलेश, शारदा, रमेश रहे। मीरा को गंभीर हालत में हैलट भेजा गया। जबकि, अन्य मामूली घायल सीएचसी सरसौल से प्राथमिक उपचार के बाद घर चले गए। महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया वैन पलटने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। अन्य को मामूली चोट थी। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सामान्य कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वैन की रफ्तार तेज थी, जिससे टायर फटते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। पुलिस ने वैन को सड़क से हटवाया।

## जमीनों पर कब्जे का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**कल्याणपुर।** भाजपा नेत्री और विश्व हिंदू महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष की जमीनों पर कब्जे का प्रयास किया गया। विरोध पर आरोपितों ने उन्हें धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कल्याणपुर निवासी रिचा शुक्ला भाजपा नेत्री और विश्व हिंदू महासंघ की प्रदेश मंत्री हैं। आरोप है कि बारासिरोही स्थित उनकी 1127 आरजी जमीन पर बनी बाउंड्री तोड़कर शुभम तिवारी और गरिमा दुबे ने कब्जे का प्रयास किया। विरोध पर धमकाते हुए जान की धमकी दी। इसी तरह उनकी आराजी 1299 की जमीन पर बनी बाउंड्री को अनिल शुक्ला, संजू शुक्ला ने जबरन तोड़ दी और अवैध कब्जा का प्रयास किया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## डंपर के पीछे घुसा कंटेनर, चालक को केबिन काटकर निकाला

- महाराजपुर में तेज कोहरे के कारण हुआ हादसा, दो घंटे केबिन में फंसा रहा चालक
- दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हाईवे से हटवाकर किनारे करा यातायात चालू कराया

**सरसौल, संवाददाता।** महाराजपुर में तेज कोहरे के चलते शुक्रवार देर रात खड़े कंटेनर में पीछे से **3** डंपर भिड़ गया। टक्कर के बाद डंपर का चालक केबिन में फंस गया। लगभग दो घंटे बाद केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल भेजा गया। इस दौरान लगभग हाईवे में जाम लगा रहा।

महाराजपुर के नर्वल मोड़ के पास शुक्रवार देर रात फतेहपुर से कानपुर की तरफ जा रहा डंपर कोहरे के चलते सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से घुस गया। डंपर का चालक केबिन में फंसा गया। सूचना पर पुलिस व नर्वल अग्निशमन केंद्र से टीम मौके पर पहुंची।

क्रेन से केबिन को काटकर बड़ी मुश्किल से फंसे चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में घायल चालक हरियाणा के हिसार निवासी 40 वर्षीय सतवीर को सीएचसी सरसौल भेजा गया। वहां हैलट रेफर कर दिया गया। इस दौरान हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।

महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कोहरे के चलते वाहन भिड़ गए थे। डंपर का चालक केबिन में फंस गया था। चालक को बाहर निकलवाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को हाईवे से हटवाकर किनारे करा दिया गया है। हाईवे पर आवागमन बाधित रहा था। लेकिन जल्द शुरू हो गया था। किसी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

## बैराज पर मौतों की सुनवाई आयोग करेगा

**05** मार्च की तारीख सुनवाई के लिए मानवाधिकार आयोग ने दी है

**23** साल की भाविका को स्टंटबाज के टक्कर मारने से मौत हुई थी

- सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री ने आयोग में याचिका दाखिल की है
- गंगा बैराज पर पुलिस चौकी बनी, इसके बावजूद स्टंटबाजी पर रोक नहीं

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** गंगा बैराज पर स्टंट से हो रही मौतों के मामले की सुनवाई अब राज्य मानवाधिकार आयोग करेगा। पुलिस की रिपोर्ट से सहमत न होने पर अधिवक्ता ने आपत्ति जताई जिसके बाद मामले में सुनवाई के लिए पांच मार्च की तिथि दी गई है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अधिवक्ता प्रवीण फाइटर ने मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल कर गंगा बैराज पर स्टंट से हो रही मौतों का मुद्दा उठाया था।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने बताया कि उन्होंने मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल की थी जिसमें 7 नवंबर 2025 को स्टंट के दौरान बाइक सवार ने 23 वर्षीय बीए की छात्रा भाविका गुप्ता की स्कूटी में टक्कर मार दी थी। भाविका और उसकी सहेली नेहा मिश्रा सड़क पर 50 मीटर तक घिसटती चली गईं थीं। भाविका की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि नेहा गंभीर रूप से घायल हुई थी। प्रवीण फाइटर ने याचिका में आरोप लगाया था कि गंगा बैराज पर पुलिस चौकी बनी है। कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद स्टंटबाजी पर रोक नहीं लग रही है। प्रवीण फाइटर ने बताया याचिका के जवाब में सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज की ओर से बताया गया है कि प्रतिदिन आवश्यक पुलिस बल लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग की जाती है। स्टंटबाजों के खिलाफ अभियान चलाकर एमवी एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। अधिवक्ता के मुताबिक, वह इस जवाब से संतुष्ट नहीं है। इसके बाद मानवाधिकार आयोग ने इस पर सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज को निर्देश दिए हैं कि वह अधिवक्ता को जांच रिपोर्ट भेज दें ताकि वह अपनी आपत्ति 27 फरवरी तक दाखिल कर सकें। अधिवक्ता के मुताबिक, पांच मार्च को सुनवाई होगी। याचिका में यह भी कहा गया है कि गंगा बैराज पर आए दिन युवक जान जोखिम में डालकर स्टंट करते हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में रहती है। पूर्व में हुई घटनाओं के बाद भी ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं की गई।


140 Glorious years of JK Organisation

JKcement

A SOLID LEGACY OF TRUST

50 Years of Grey Cement Business JKcement | Great Place To Work Certified | 40 Years of JK White Cement JKcement

# J.K. Cement Ltd.

CIN No. : L17229UP1994PLC017199
Registered Office : Kamla Tower, Kanpur-208 001 (U.P.)
Ph. : +91 512 2371478 to 81 | Fax : +91 512 2399854/ 2332665
website: www.jkcement.com | e-mail: comp.sec@jkcement.com

**EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31st DECEMBER, 2025**

(₹ in Crores)

| Sl. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Three Months Ended 30.09.2025 Unaudited | Three Months Ended 31.12.2024 Unaudited | Nine Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Year Ended 31.03.2025 Audited |
| 1. | Total Income from Operations | 3,509.00 | 3,070.08 | 2,974.83 | 9,988.05 | 12,052.10 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 556.80 | 450.52 | 505.23 | 1,705.88 | 2,043.85 |
| 3. | Net Profit for the Period before Share (Loss) in Associates and Tax (before Exceptional and Extraordinary Items) | 316.09 | 242.72 | 278.61 | 1,047.95 | 1,139.45 |
| 4. | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 268.28 | 242.88 | 279.26 | 1,000.31 | 1,242.39 |
| 5. | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 173.61 | 159.25 | 189.87 | 657.11 | 872.17 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the Period [Comprising Profit/(Loss) for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 183.09 | 185.79 | 203.48 | 691.10 | 887.53 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 5,886.47 | 5,704.41 | 4,860.75 | 5,886.47 | 5,221.16 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 6,720.54 | 6,538.48 | 5,694.82 | 6,720.54 | 6,055.23 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,098.82 | 5,139.43 | 4,723.27 | 5,098.82 | 4,961.33 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.93 | 0.98 | 1.03 | 0.93 | 0.97 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/-each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 22.60 | 20.78 | 24.54 | 85.36 | 111.44 |
| 15. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debenture Redemption Reserve | - | - | 7.50 | - | 3.75 |
| 17. | Debt Service Coverage Ratio | 2.13 | 1.82 | 2.15 | 2.16 | 1.91 |
| 18. | Interest Service Coverage Ratio | 5.42 | 4.77 | 4.72 | 5.72 | 4.86 |

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of unaudited quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 52 of the Listing Regulations. The full format of the quarter and nine months ended consolidated and standalone financial results are available on the Stock Exchange websites:- www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.jkcement.com.
2. Key Standalone Financial Information:

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Three Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Three Months Ended 30.09.2025 Unaudited | Three Months Ended 31.12.2024 Unaudited | Nine Months Ended 31.12.2025 Unaudited | Year Ended 31.03.2025 Audited |
| 1. | Total Income from Operations | 3,258.63 | 2,907.77 | 2,783.20 | 9,412.18 | 11,357.23 |
| 2. | Net Profit before Interest, Depreciation, Exceptional Items and Tax | 534.45 | 442.09 | 497.13 | 1,660.58 | 1,987.30 |
| 3. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 321.59 | 260.61 | 289.57 | 1,080.07 | 1,170.62 |
| 4. | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 275.59 | 260.61 | 289.57 | 1,034.07 | 1,225.00 |
| 5. | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items) | 180.54 | 175.78 | 199.75 | 688.80 | 851.27 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the Period [Comprising Profit/(Loss) for the Period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 179.70 | 174.96 | 199.49 | 686.29 | 847.91 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/- Per Share) | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 | 77.27 |
| 8. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 5,780.03 | 5,600.33 | 4,799.51 | 5,780.03 | 5,209.64 |
| 9. | Security Premium Account | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 | 756.80 |
| 10. | Net Worth | 6,614.10 | 6,434.40 | 5,633.58 | 6,614.10 | 6,043.71 |
| 11. | Paid up Debt Capital/Outstanding Debt | 5,098.82 | 5,139.43 | 4,723.27 | 5,098.82 | 4,961.33 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA |
| 13. | Debt Equity Ratio | 0.95 | 0.98 | 1.03 | 0.95 | 0.97 |
| 14. | Basic and Diluted Earnings Per Share (of ₹ 10/-each) (Not Annualized except Period / Year ended ) | 23.37 | 22.75 | 25.85 | 89.14 | 110.17 |
| 15. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debenture Redemption Reserve | - | - | 7.50 | - | 3.75 |
| 17. | Debt Service Coverage Ratio | 2.06 | 1.79 | 2.11 | 2.11 | 1.86 |
| 18. | Interest Service Coverage Ratio | 5.34 | 4.78 | 4.65 | 5.69 | 4.80 |

3. These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under section 133 of Companies Act 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 and relevant amendment thereafter. The said financial results of the Parent Company and its subsidiaries together referred as the "Group" have been prepared in accordance with Ind AS 110 – Consolidated financial statements.

For and on behalf of the Board of Directors

Scan the QR Code to download the full financial results

Place: Gurugram
Date : 17 January, 2026

**Dr. Raghavpat Singhania**
Managing Director
DIN: 02426556

JKsuper cement BUILD STRONG | JKsuper STRONG CONCRETE SPECIAL BUILD STRONG | JKsuper PROTECT BUILD STRONG ALL WEATHER SAFE | JKMaxx PAINTS Colours of joy | JKcement WallMaxX White Cement Based Putty | JKcement WallMaxX ADVANCED Premium Wall Putty | JKcement ShieldMaxX Universal Waterproof Putty | JK CEMENT WhiteMaxX White Portland Cement | JKTYLO PREMIUM ADHESIVES & GROUTS | JKPROFIX TRUSTED BY EXPERTS

140 YEARS OF LEGACY & LEADERSHIP

For Kind Attention of Shareholders : As a part of Green Initiative of the Government, all the Shareholders are requested to get their email addresses registered with the Company for receiving Annual Report, etc. on email.